# उपार्जन केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं : कलेक्टर

## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि रबी सीजन का उपार्जन प्रारंभ है। इसके लिए सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें तथा बुनियादी सुविधाएं जैसे छाया, पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कृषकों के पंजीयन की गति बढ़ाएं। जिन कृषकों का पंजीयन हो चुका है, समानांतर रूप से उनका सत्यापन भी कराया जाना सुनिश्चित करें।

उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें ताकि मौसम परिवर्तन की स्थिति में खरीदे गए अनाज की सुरक्षा की जा सके। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले की रैंकिंग जारी होने में तीन दिवस का समय शेष है, इसलिए संतुष्टिपूर्वक निराकरण की गति तेज करें। 50 दिवस से अधिक वाली शिकायतों पर विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाईन के संबंध में उन्होंने कहा कि इसे उच्च प्राथमिकता से लेते हुए निराकरण दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट को देखते हुए आवश्यक तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण करें। जिन ग्रामों में पेयजल संकट की आशंका है वहां वैकल्पिक व्यवस्थाएं करें। जल जीवन मिशन के संबंध में समस्त एसडीएम फील्ड विजिट के दौरान नलजल, हेंडपंप तथा अन्य वैकल्पिक स्थितियों पर स्वयं नजर रखें। ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से डिजिटाईजेशन होना है, इससे पहले शाखावार नस्तियों की जानकारी लेकर मास्टर डाटा तैयार करें। समस्त विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी अधिकारी, कर्मचारियों की एम्पलॉयी आईडी समय पर बनाई जाए। बैठक में टीएल प्रकरण, समग्र से संबंधित शिकायतें, उच्च न्यायालय की अवमानना, डब्ल्यूपी सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ समस्त एसडीएम तथा विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# आखिर क्यों गुनाहगारों को बचा रही सरकार?

## कान्हा नेशनल पार्क व अन्य वन क्षेत्र में हो रही वन्य प्राणियों की मौत का मामला

**मंडला, देशबन्धु।** आखिरकार मध्य प्रदेश के मंडला जिले में वन्य प्राणियों की मौत नहीं थम रही है जहां देखो वहां इस समय वन्य प्राणियों की मौत की चर्चा हो रही है लगातार भी खबर प्रकाशित की जा रही है लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा कोई परिणाम कारी कार्यवाही नहीं किएजाने की वजह से असली गुनहगार बच रहे हैं लोग सवाल कर रहे हैं कि असली गुनहगारों को क्यों छोड़ा जा रहा है कहीं शिकारी वन्य प्राणियों को अपना शिकार बना रहे हैं तो कहीं आपसी संघर्ष के कारण वन्य प्राणियों की मौत हो रही है तो कहीं अन्य कारण से प्राणियों की मौत होना बताया जा रहा है यह तमाम तरह से सवाल हैं जिस कारण से वन्य प्राणियों की मौत हो रही है उन को अभी तक दूर क्यों नहीं किया गया कान्हा नेशनल पार्क में तमाम तरह के अधिकारी मौजूद हैं वन विभाग भी है इसके बाद भी वन्य प्राणियों की मौत हो रही है तो असली दोषी है कौन..?

नागरिकों का मानना है की असली गुनहगार वन विभाग और कान्हा नेशनल पार्क के तमाम अधिकारी हैं जिन्हें जवाबदारी शासन प्रशासन द्वारा दी गई है वन प्राणियों की सुरक्षा जंगल की सुरक्षा की जवाबदारी इनकी है फिर उनके रहते हुए मौत कैसे हो रही है आपकी संघर्ष को क्यों नहीं रोका जा रहा है शिकारी को क्यों नहीं रोका जा रहा है अन्य वजह को क्यों दूर नहीं किया जा रहा है ऐसे कई सवाल हैं जिन पर कोई भी कार्य कान्हा नेशनल पार्क और वन विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से वन्य प्राणियों की मौत हो रही है और शुरुआत से लेकर अब तक जितने भी वन्य प्राणियों की मौत हुई है इसकी उच्च जांच पड़ताल नहीं की जा रही है जांच पड़ताल की जाए और उन तमाम अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए जिनके रहते हुए वन्य प्राणियों की मौत हो रही है देखा या जा रहा है कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले में वन्य प्राणी सुरक्षित नहीं है लगातार वन्य प्राणियों की मौत हो रही है और संबंधित विभाग के सभी जवाबदार कोई न कोई कारण बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं इन्हें दोषी क्यों नहीं माना जा रहा है लोग सवाल कर रहे हैं लोगों की अपेक्षा है कि इन्हें दोषी माना जाए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए कि उनके रहते हुए आखिर मौत कैसे हो रही है कभी शेर मर रहे हैं तो कभी भालू मर रहे हैं तो कभी अन्य प्राणियों की मौत हो रही है सरकार इन्हें बचाने के लिए पूरा प्रयास कर रही है पर्याप्त धन खर्च कर रही है ढेर सारे अधिकारियों की पद स्थापना की गई है उनके वेतन इत्यादि और कार्यालयों के संचालन में पैसा खर्च हो रहा है इसके बाद भी वन्य प्राणी सुरक्षित क्यों नहीं है यह जांच का विषय हो गया है लोगों का मानना है कि उनकी लापरवाही के कारण भी वन्य प्राणियों की मौत हो रही है इनके खिलाफ तो हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए और सभी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही किया जाना चाहिए ऐसी जन अपेक्षा है।

### सार-समाचार

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आज

**मंडला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आज 18 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गोलमेज सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दल नामावली/निर्वाचन से संबंधित अपने सुझाव, कठिनाई अथवा अनिराकृत विषयों को विचारार्थ रख सकते हैं। राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अपने किसी अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में शामिल करा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने श्री शर्मा के निधन पर किया शोक व्यक्त

**मंडला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक (रेल) मनीष शंकर शर्मा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। स्व. शर्मा, भारतीय पुलिस सेवा के निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित अधिकारी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सीनियर आईपीएस श्री शर्मा का असमय चले जाना मध्यप्रदेश पुलिस और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री शर्मा के शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री मनीष शंकर शर्मा का दिल्ली स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पूर्व मुख्य सचिव, श्री के.एस. शर्मा के पुत्र थे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मिशन के अंतर्गत बोस्निया और हर्जेगोविना सहित कई देशों में अपनी सेवाएं दीं। आईपीएस श्री शर्मा ने रायसेन, सतना, छिंदवाड़ा और खंडवा जिले में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी निभाई। वे मूल रूप से नर्मदापुरम के निवासी थे।

## 22 मार्च तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**मंडला, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरौते ने जानकारी दी कि भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स-रूबेला (खसरा) निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 16 मार्च को खसरा दिवस'' है, इस उपलक्ष्य में 17 से 22 मार्च 2025 तक विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ड्रॉप आउट तथा लेफ्ट-आउट बच्चों को एम.आर.-1 एवं एम.आर.-2 टीके से टीकाकृत किया जायेगा। खसरा रोग देवी प्रकोप नही है, बच्चों की गंभीर जानलेवा वायरस की बीमारी है। मीजल्स-रूबेला के दो बार टीके लगवाकर आजीवन इस व्याधि की रोकथाम की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री ने अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर किया शोक व्यक्त

**मँडला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराणा प्रताप के वंशज और मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य श्री अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री मेवाड़ का जीवन भारतीय समाज और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनहोंने मेवाड़ राजवंश की समृद्धशाली विरासत को आजीवन पूर्ण गरिमा के साथ संजोए रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मेवाड़ की आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना की है और शोक संतप्त परिजन के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की है।

## मुख्यमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का स्मरण किया

**मँडला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री सुश्री कल्पना चावला की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय मूल की बेटी सुश्री चावला ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर अपने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से पूरी दुनिया में परचम लहराया। सुश्री कल्पना चावला का अतुलनीय योगदान और उनकी विरासत बेटियों को सपने देखने और उन्हें साकार कर नए क्षितिज को छूने के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी।

# रोजगार, स्वरोजगार औरअप्रेंटिसशिप मेले की तैयारियां समय पर पूर्ण करें : कलेक्टर



## 20 मार्च को नगरपालिका टाउन हॉल में होगा आयोजन

**मँडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप महासंगम मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि वित्त वर्ष का यह अंतिम रोजगार मेला है, इसलिए समय से पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण करें। मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे युवाओं को इसकी जानकारी समय पर मिल सके। मेले का आयोजन 20 मार्च को नगरपालिका टाऊनहॉल में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जायेगा। रोजगार युवा संगम में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ भाग लेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, एलडीएम सुजय कुमार, जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले सहित संबंधित उपस्थित थे।

# सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव, नवीन प्रणाली श्पेपरलेस बूथश् के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि इसके लिये जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर जानकारी जल्द भेजें। इनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि नवीन प्रणाली ष्पेपरलेस बूथश् की जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# बंद पड़ा पर्यटन विकास !

## आखिर कब लगेंगे पर्यटन विकास को पंख

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में पर्यटन विकास बंद पड़ा हुआ है पर्यटन विकास पर ज्यादा ध्यान भी नहीं दिया जा रहा है इस जिले में जाने अनजाने ढेर सारी पर्यटन स्थल हैं जो जानकारी में है उनका भी विकास नहीं किया जा रहा है जो जानकारी में नहीं है उनका पता लगाकर उनका भी विकास नहीं कराया जा रहा है।

पर्यटन विकास के नाम पर इस जिले में सिर्फ भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी वजह से पर्यटन विकास नहीं हो पाया है लोगों का मानना है कि सभी पर्यटन स्थलों का विकास यदि किया जाता है तो रोजगार की संभावना बढ़ेगी और विकास की गति आगे बढ़ेगी लेकिन इस विषय पर शासन प्रशासन के अलावा जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं पर्यटन विकास के साथ-साथ उद्योगों के विकास के लिए भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है पर्यटन और उद्योग विकास जिले में एक साथ कराई जाए तो बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है उद्योग विकास भी बंद पड़ा हुआ है7

जनता की अपेक्षा है कि पर्यटन विकास के साथ-साथ उद्योगों का विकास किया जाए सभी पर्यटन स्थलों को पूर्ण रूप से विकसित किया जाए और रोजगार की संभावना बढ़ाई जाए।

# क्या कभी पूरा नहीं होगा जबलपुर मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग

## कई वर्षों से लटका मार्ग का काम, ध्यान नहीं दे रहे जवाबदार

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है सड़कों के हाल बे हाल है ऐसी कोई सड़क सही नहीं है जो इस जिले में पूरी तरह सही बनी हो जो सड़क बन रही है उसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसकी वजह से सड़क जल्दी दम तोड़ रहे हैं पूरे जिले में जहां देखो वहां सड़कों की हालत खस्ता हो गई है इसके बावजूद सभी जवाबदार सिर्फ तमाशा देख रहे हैं सबसे ज्यादा चर्चा इस समय विगत कई वर्षों से जबलपुर से मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग की हो रही है।

जबलपुर मंडला मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है कई बार आवेदन निवेदन हुए संबंधित मंत्री को भी इस बात की जानकारी दी गई शासन प्रशासन के सभी अधिकारियों और सांसद विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि को अवगत कराया गया या उन्हें यह मालूम है कि यह सड़क पूरी नहीं हो पाई है संबंधित ठेकेदार लापरवाही ब रत रहे हैं इसके बावजूद भी किसी के द्वारा ध्यान नहीं देना समझ के पार होता जा रहा है बताया जा रहा है कि मंडला जबलपुर मार्ग में कूड़ा मैली के पास सड़क पर ही मशीन में रख दी गई है मशीनों की वजह से आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त होती जा रही है सड़क का निर्माण कार्य सही तरीके से पूरा नहीं किया जा रहा है यह मार्ग मंडला जिले का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है अधिकांश लोगों का मंडला से जबलपुर आना जाना रहता है इसके बावजूद भी इस मार्ग को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग शासन प्रशासन और जनप्रतिनो द्वारा ध्यान नहीं देना चर्चा का विषय बना हुआ है विगत कई वर्षों से यह मार्ग बन रहा है पता नहीं कब पूरा होगा लोग अब सवाल कर रहे हैं सड़क का निर्माण कार्य सही तरीके से नहीं किया गया है व सही तरीके से नहीं किया जा रहा है सड़क कब पूरी होगी लोग जानना चाह रहे हैं लेकिन कोई जवाब देने को तैयार नहीं है।

इस मार्ग से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके बावजूद भी संबंधित जवाबदार ध्यान नहीं दे रहे हैं सड़क निर्माण में जिसके द्वारा भी लापरवाही ब रती जा रही है उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है यही वजह है की कार्रवाई नहीं होने के कारण संबंधित ठेकेदार व संबंधित विभाग सिर्फ मनमानी और लापरवाही कर रहा है नागरिकों की मांग है कि तत्काल इस विषय पर ध्यान दिया जाए सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और सभी दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

//आम इश्तहार//
मैं ABDUL KALAM KHAN पिता ABDUL RAHMAN KHAN निवासी SANJAY NAGAR BINJHIYA MANDLA (M.P.) 481661 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. M422046 में मेरा नाम ABDUL KALAM पिता ABDUL RAHMAN माता JAMILA BI KHAN लिखा है जिसे मैंने बदलकर ABDUL KALAM KHAN पिता ABDUL RAHMAN KHAN कर लिया है। मेरे आधार कार्ड और पेन कार्ड में भी यही लिखा है, जो सही है। अतः मुझे ABDUL KALAM KHAN पिता ABDUL RAHMAN KHAN नाम से जाना व लिखा जावे।
पुराना नाम- ABDUL KALAM
पिता- ABDUL RAHMAN
नया नाम- ABDUL KALAM KHAN
पिता नाम- ABDUL RAHMAN KHAN
Mob. No. 8120814404
शपथकर्ता

# सरकारी योजनाएं हो रही फ्लॉप

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सभी सरकारी योजनाएं व कार्यक्रम लगातार असफल होते जा रहे हैं सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई कार्यक्रम असफल हो चुका है विगत दिनों जन कल्याण पर्व भी आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजित किए गए थे आवेदन पत्र दिए गए थे जिनमें निराकरण का पता नहीं चल रहा है।

यह कार्यक्रम भी असफल कर दिया गया है ऐसे अनेक कार्यक्रम है तो इसलिए सरकारी तंत्र द्वारा असफल किया जा रहे हैं जनकल्याण के सभी योजनाएं भी जिले में दम तोड़ रही है सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन मंडला जिले में नहीं हो रहा है योजनाओं में मनमानी और लापरवाही हो रही है।

शासन की सभी योजनाओं का सही क्रियान्वयन आखिरकार मध्यप्रदेश के मंडला जिले में कब कराया जाएगा लोग सवाल कर रहे हैं योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जन अपेक्षा है जनकल्याण शिविर सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई कार्यक्रमों की जांच पड़ताल कराई जाए के आखिरकार इसमें लापरवाही कौन कर रहा है और सभी योजनाओं का सही क्रियान्वयन कराया जाए।

Government of Madhya Pradesh
Higher Education Department,
Govt College Niwas, Distt Mandla
Madhya Pradesh, Pin 481885
E mail address : artcollege.niwas@gmail.com
govtcollegeniwas@gmail.com
Tender Notice - NIT No: 01/GCN/RFQ/2024-25/ICT equipment, NIWAS, Distt Mandla
Govt College Niwas Distt Mandla Madhya Pradesh Pin 481885 invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT equipment, Turn key basis bid proposal to College. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 11-03-2025 onwards. Last date of submission on 04-04-2025. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in
Principal
Govt. College Niwas, Distt Mandla
Higher Education Department

Government of Madhya Pradesh
Higher Education Department,
Govt College Niwas, Distt Mandla
Madhya Pradesh, Pin 481885
E mail address : artcollege.niwas@gmail.com
govtcollegeniwas@gmail.com
Tender Notice - NIT No: 01/GCN/RFQ/2024-25/ICT equipment, NIWAS, Distt Mandla
Govt College Niwas Distt Mandla Madhya Pradesh Pin 481885 invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT equipment, on Turn key basis bid proposal to College. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 13-03-2025 onwards. Last date of submission on 11-04-2025. This Tender Notice Information will also be available on https://www.highereducation.mp.gov.in
Principal
Govt. College Niwas, Distt Mandla
Higher Education Department